# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## सत्र–(2017–2018)
## पुनरावृति पत्रिका

कक्षाः चौथी | विषयः हिन्दी

प्र01. निम्न दिए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

आस–पास के बच्चों को स्कूल जाते देखकर राजू का भी मन स्कूल जाने के लिए तड़पता था। एक दिन राजू के पिता राजू को गाड़ी में बिठाकर स्कूल ले गए। वहाँ प्रधानाचार्य जी ने पिताजी से कुछ बातें की और फिर राजू को नर्सरी कक्षा में भेज दिया, कक्षा में बच्चों और तरह–तरह के खिलौनों को देखकर राजू बड़ा खुश हुआ। जल्दी ही वह सबके साथ खेलने लगा और सब बच्चे राजू के मित्र बन गए। जब छुट्टी की घंटी बजी तो अध्यापिका ने सब बच्चों को घर जाने के लिए लाइन बनाकर कक्षा से निकलने के लिए कहा। बाहर गेट पर राजू की माँ खड़ी थी। माँ को देखकर राजू बहुत खुश हुआ और दौड़ कर माँ के पास चला गया।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें–

1) राजू का मन क्यों तड़पता था?

2) बाहर गेट पर कौन खड़ा था?

ख) निम्न दिए शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखें–

1) माँ – जननी, भ्राता

2) अध्यापिका – छात्र, शिक्षिका

ग) निम्न वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाएँ–

1) राजू चौथी कक्षा में पढ़ता था।

2) सब बच्चे राजू के मित्र बन गए।

घ) निम्न दिए वाक्यों में सही विकल्प चुनें–

1) कक्षा में जाकर राजू किसे देखकर खुश हुआ?

(i) बच्चों और खिलौनों को (ii) खिलौनों को और किताबों को

2) राजू किस के साथ स्कूल गया था?

(i) बड़े भाई के साथ (ii) पिताजी के साथ

प्र02. निम्न दी गई कविता को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

समय जो व्यर्थ न खोते हैं,<br>
बात के पक्के होते हैं,<br>
फूट का बीज न बोते हैं,<br>
प्रेम के बहते सोते हैं।

बुराई से जो रहते दूर,<br>
भलाई करते हैं भरपूर।

मानते अपनी किया कसूर

करते सत्य को कभी न चूर

क) सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाएँ–

1) हमें किसे व्यर्थ नहीं खोना चाहिए?

(i) कपड़ा (ii) समय (iii) आम

2) हमें किससे दूर रहना चाहिए?

(i) बुराई से (ii) भलाई से (iii) सच्चाई से

3) सबके साथ क्या करनी चाहिए?

(i) निंदा (ii) बुराई (iii) भलाई

4) किसके बीज नहीं बोने चाहिए?

(i) फूट (ii) फूल (iii) बबूल के

5) किसे चूर नहीं करना चाहिए?

(i) शीश (ii) सत्य (iii) झूठ

ख) निम्न दिए शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखें–

(i) बोते (ii) कसूर

प्र03. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क) चावड़ी बाज़ार का स्टेशन ज़मीन से कितना नीचे है?

ख) सज्जन ने तख्ती पर क्या लिख कर टांगा था?

ग) विद्वान ने दरबारियों से कितने प्रश्न पूछे थे?

घ) बस में चढ़ने वाला युवक कितने बरस का था?

प्र04. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करें–

क) कभी न ................................................

.......................................दमक दिखाती?

कभी न ................................................

...........................................बादल होते।

ख) भोजन और जल ....................................

.........................................भटकते,

तब जाकर ............................................

.........................................पड़ते

निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

क) हर .................................. पर छपे हुए रुट मैप उपलब्ध हैं।

ख) बिल जमा कराने वालों की लंबी .................................. देखकर वे कोई उपाय सोचने लगे।

ग) मुल्ला अपने हाथ की .................................. अपने गधे के दोनों ओर घुमाते हैं।

घ) अतिन ने .................................. की ओर इशारा करके पूरी बात बताई।

प्र06. निम्न दिए शब्दों के अर्थ लिखें–

क) प्रतीक्षा ख) मायूस

ग) आचरण घ) स्वचालित

प्र07. निम्न दिए सही विकल्प पर ✓ का निशान लगाएँ–

क) सुरक्षा जाँच किसकी की जाती है?

(i) मेट्रो की (ii) जवानों की (iii) यात्रियों की

ख) ईश्वर ने मनुष्य को अन्य प्राणियों से क्या बनाया है?

(i) बराबर (ii) श्रेष्ठ (iii) खराब

प्र08. निम्न दिए वाक्य किसने किससे कहे–

क) विद्वान महोदय, पूछिए अपना पहला सवाल?

ख) "अरे अंकल! आपका ब्रीफ़केस!"

प्र09. निम्न दिए वाक्यों में सही या गलत का निशान लगाएँ–

क) अतिन स्कूल के लिए धीरे–धीरे तैयार हो रहा था। (    )

ख) दोनों मित्र बातचीत में मग्न थे कि किसी ने दरवाज़ा खटखटाया। (    )

प्र010. निम्नलिखित चिह्नों के नाम लिखें–

क) । ख) ? ग) !

प्र011. निम्न दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखें–

क) दाल में काला –

ख) पानी–पानी होना –

प्र012. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखें–

क) तुमका घर है कहाँ?

ख) जा रहा है राम बाज़ार।

प्र013. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें–

क) <u>हवा</u> को (..................................) भी कहते हैं।

ख) <u>अध्यापक</u> (..................................) कक्षा में पढ़ा रहा है।

प्र014. निम्नलिखित रेखांकित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखें–

क) गाँधीजी ने विदेश से सम्बंधित चीज़ों का बहिष्कार किया।

ख) राधा बहुत बोलती है।

प्र015. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखें–

क) चाय में थोड़ा दूध डाल दो।

ख) मुझे चार फूल चाहिए।

प्र016. निम्नलिखित शब्दों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखें–

क) बच्चे तालाब में तैर रहे हैं।

ख) राजू पतंग उड़ा रहा है।

प्र017. निम्नलिखित वाक्यों में सही काल पर ✓ का निशान लगाएँ–

क) पिता जी ऑफिस जा रहे हैं।

भूतकाल / वर्तमान काल

ख) हम सब खेलने जाएँगे।

भविष्यत काल / वर्तमान काल

प्र018. निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

क) हंस –

हँस –

ख) पिता –

पीता –

प्र019. ''त्योहारों का देश– भारत'' विषय पर सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद लिखें। (शब्द सीमा 70–80)

**सहायक सूची**:– बड़ा देश, तरह–तरह के त्योहार, खुशी, मिल–जुल कर, मिठाइयाँ, सजावट, नए कपड़े, बाज़ार, रौनक, घरों की साफ सफाई, उपहार, उत्साह, आनन्द, एकता का प्रतीक।

प्र020. अपने छोटे भाई को ''समय का महत्व'' के बारे में बताते हुए पत्र लिखें।